2

प्रस्ताव

# 2 पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज के सुविधा-स्थलों के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 70 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov.* पर देखा जा सकता है।**

- K–12 पब्लिक स्कूलों (चार्टर स्कूलों सहित) और सामुदायिक कॉलेजों के सुविधा-स्थलों की मरम्मत, अपग्रेड और निर्माण करने के लिए राज्य के सामान्य दायित्व बॉन्ड्स में $10 बिलियन को अधिकृत करता है।
- नए सुविधा-स्थलों के लिए, मौजूदा सुविधा-स्थलों में स्कूल की स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए, और कक्षाओं के अपग्रेड्स (जैसे कि, विज्ञान, इंजीनियरिंग, पारगमन वाले किंडरगार्टन, और व्यावसायिक कक्षाओं) के लिए निधिकरण प्रदान करता है।
- छोटे और सुविधाओं से पिछड़े स्कूल ज़िलों के लिए वित्तीय कठिनाई अनुदानों के लिए पात्रता का विस्तार करता है।
- सबसे अधिक ज़रूरत को प्रदर्शित करने वाले स्कूलों के लिए राज्य मिलान निधियों का उच्च प्रतिशत प्रदान करता है।
- सार्वजनिक सुनवाइयाँ और प्रदर्शन लेखा-परीक्षणों को ज़रूरी बनाता है।
- बॉन्ड्स की वापसी अदायगी के लिए सामान्य निधि से धनराशि विनियोजित करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 35 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से लगभग $500 मिलियन की वृद्धि।

| **राजकीय बॉन्ड लागत का अनुमान** | |
|---|---|
| उधार ली गई राशि | $10 बिलियन |
| वापसी अदायगी की औसत लागत | 35 वर्षों में प्रति वर्ष $500 मिलियन |
| वापसी अदायगी का स्रोत | सामान्य टैक्स राजस्व |

AB 247 (प्रस्ताव 2) पर विधानमंडल द्वारा किए गए अंतिम मतदान
(अध्याय 81, 2024 के विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 34 | नहीं 3 |
| विधानसभा: | हाँ 72 | नहीं 1 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***California में कई पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज हैं।*** वर्तमान में, राज्य भर में लगभग 10,000 पब्लिक स्कूल हैं (लगभग 1,300 चार्टर स्कूलों सहित)। ये स्कूल एलीमेंटरी (प्राथमिक स्कूल) से लेकर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करते हैं। स्थानीय स्कूल ज़िले इनमें से अधिकांश पब्लिक स्कूलों का संचालन करते हैं। California में 115 स्थानीय सामुदायिक कॉलेज भी हैं जो बालिग व्यक्तियों के लिए एसोसिएट डिग्रियाँ और अन्य प्रोग्रामों की पेशकश करते हैं। स्थानीय सामुदायिक कॉलेज ज़िले इन कॉलेजों को संचालित करते हैं। स्कूल और सामुदायिक कॉलेज ज़िले सामान्यतः नई सुविधा-स्थलों का निर्माण करते हैं जब उनमें नामांकन बढ़ रहा होता है और उन्हें अतिरिक्त जगह की ज़रूरत होती है। वे वर्तमान सुविधा-स्थलों का नवीनीकरण तब करते हैं जब वे सुविधा-स्थल पुराने या असुरक्षित हो जाते हैं।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

***राज्य और ज़िले सामान्यतः शिक्षा सुविधा-स्थल की लागतों को आपस में बांटते हैं।*** पब्लिक स्कूल ज़िलों के लिए, राज्य सामान्यतः नई निर्माण परियोजनाओं की लागत का 50 प्रतिशत और नवीनीकरण परियोजनाओं की लागत का 60 प्रतिशत भुगतान करता है। स्कूल ज़िलों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्थानीय निधियों का इस्तेमाल करके शेष परियोजना लागतों का भुगतान करें। राज्य अक्सर नए निर्माण और नवीनीकरण परियोजनाओं की लागत को सामुदायिक कॉलेज ज़िलों के साथ साझा करता है। यद्यपि लागतों का हिस्सा परियोजनाओं के बीच अलग-अलग होता है, राज्य सामान्यतः लागत का लगभग आधा भुगतान करता है, और सामुदायिक कॉलेज ज़िले स्थानीय निधियों का इस्तेमाल करके बाकी का भुगतान करते हैं।

***राज्य मुख्य रूप से अपने हिस्से की लागतों का भुगतान करने के लिए बॉन्ड्स का इस्तेमाल करता है।*** बॉन्ड्स एक ऐसा तरीका है जिससे राज्य पैसा उधार लेता है और फिर समय के साथ-साथ पैसा और ब्याज को चुकाता है। बॉन्ड्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस गाइड में आगे दिए शीर्षक “राज्य बॉन्ड ऋण की समीक्षा” देखें। पिछले 20 वर्षों में, स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए राज्य सुविधा-स्थल निधिकरण का बड़ा हिस्सा मतदाता-अनुमोदित बॉन्ड्स (कुल $31.8 बिलियन) से आया है। हाल ही में, राज्य ने स्कूल और सामुदायिक कॉलेज के सुविधा-स्थलों के लिए अन्य निधिकरण में अतिरिक्त $4.6 बिलियन प्रदान किए हैं। इस निधिकरण का लगभग सारा हिस्सा विशिष्ट परियोजनाओं के लिए पहले ही प्रदान किया जा चुका है।

***ज़िले सामान्यतः स्थानीय बॉन्ड्स का इस्तेमाल करके लागतों का अपना हिस्सा चुकाते हैं।*** स्कूल और सामुदायिक कॉलेज ज़िले स्थानीय बॉन्ड्स का इस्तेमाल करके परियोजना लागतों के अपने हिस्से का भुगतान करते हैं। स्थानीय बॉन्ड्स की बिक्री को मंज़ूरी देने के लिए ज़िलों को अपने मतदाताओं का कम से कम 55 प्रतिशत प्राप्त करना होगा। राज्य का कानून स्कूल और सामुदायिक कॉलेज ज़िलों द्वारा जारी किए जा सकने वाले स्थानीय बॉन्ड्स की कुल राशि को सीमित करता है। ये सीमाएँ ज़िले के भीतर कुल मूल्यांकित संपत्ति मूल्य पर आधारित होती हैं। स्कूल ज़िले जो इन सीमाओं के तहत कम से कम $5 मिलियन जुटाने में असमर्थ होते हैं, वे अतिरिक्त राज्य निधिकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। पिछले 20 वर्षों में, मतदाताओं ने पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज की सुविधा-स्थल परियोजनाओं के लिए स्थानीय बॉन्ड्स में $181 बिलियन को मंज़ूरी दी है।

## प्रस्ताव

***पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज के सुविधा-स्थलों के लिए नया बॉन्ड।*** प्रस्ताव 2 राज्य को पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज सुविधा-स्थलों के लिए $10 बिलियन का एक बॉन्ड बेचने की अनुमति देता है। जैसा कि चित्र 1 से पता चलता है, पब्लिक स्कूलों के लिए $8.5 बिलियन (या कुल बॉन्ड राशि का 85 प्रतिशत) चार प्रकार की सुविधा-स्थल परियोजनाओं में विभाजित है। नए निर्माण और नवीनीकरण परियोजनाओं के लिए, स्कूल ज़िले आवेदन करेंगे और उन्हें मुख्य रूप से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर निधिकरण प्रदान किया जायेगा। राज्य प्रतिस्पर्धी आवेदन प्रक्रिया के जरिए करियर तकनीकी शिक्षा और चार्टर स्कूल निधिकरण प्रदान करेगा।

चित्र 1

### प्रस्तावित बॉन्ड निधियों के इस्तेमाल

(बिलियन में)

| | |
|---|---|
| **पब्लिक स्कूल सुविधा-स्थल** | **$8.5** |
| मौजूदा इमारतों का नवीनीकरण | $4.0 |
| नये निर्माण (ज़मीन खरीदने समेत) | 3.3 |
| कैरियर तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों के लिए सुविधा-स्थल | 0.6 |
| चार्टर स्कूल | 0.6 |
| **सामुदायिक कॉलेज सुविधा-स्थल** | **$1.5** |
| **कुलयोग** | **$10.0** |

प्रस्ताव 2 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 70 देखें।

नए निर्माण और नवीनीकरण निधियों का एक छोटा हिस्सा छोटे स्कूल ज़िलों के लिए अलग रखा जाना ज़रूरी है। पब्लिक स्कूलों के विपरीत, सामुदायिक कॉलेजों के लिए $1.5 बिलियन (या कुल बॉन्ड राशि का 15 प्रतिशत) विशिष्ट प्रकार की परियोजनाओं के बीच किसी निर्धारित तरीके से विभाजित नहीं किया जाता है। सामुदायिक कॉलेज बॉन्ड निधियों का इस्तेमाल नई इमारतों, नवीनीकरण, भूमि खरीद, और उपकरण के किसी भी मिश्रण के लिए किया जा सकता है। सामुदायिक कॉलेज अपनी राज्यव्यापी परियोजना प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए एक योजना तैयार करेंगे। राज्यपाल और विधानमंडल निधि के लिए विशिष्ट परियोजनाओं का चयन करेंगे। प्रस्ताव 2 में ज़िलों को कुछ कामों को पूरा करने की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बॉन्ड निधियों को उद्देश्य के अनुसार खर्च किया जा सके।

***कुछ प्रकार की स्कूल परियोजनाओं के लिए कुछ नवीनीकरण निधिकरण उपलब्ध होता है।*** प्रस्ताव 2 सार्वजनिक स्कूल स्थलों पर पानी में सीसे के स्तर को कम करने के लिए $115 मिलियन तक की नवीनीकरण निधियों का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है। प्रस्ताव 2 स्कूल ज़िलों को एक नई कक्षा के निर्माण या वर्तमान कक्षा के नवीनीकरण के लिए अतिरिक्त नवीनीकरण निधिकरण प्राप्त करने की भी अनुमति देता है जिसका इस्तेमाल परिवर्ती किंडरगार्टन के लिए किया जाएगा। (2025–26 स्कूल वर्ष से शुरुआत करते हुए, सभी चार-वर्षीय बच्चे किंडरगार्टन में प्रवेश करने से पहले एक वर्ष के परिवर्ती किंडरगार्टन के लिए योग्य होंगे।) कुछ मामलों में, स्कूल ज़िलों को एक नए व्यायामशाला, बहुउद्देशीय कमरा, पुस्तकालय, या स्कूल रसोई के विस्तार या निर्माण के लिए अतिरिक्त नवीनीकरण निधिकरण भी प्राप्त हो सकता है।

***कुछ स्कूल ज़िलों के लिए लागतों में राज्य की हिस्सेदारी को बढ़ाता है।*** कुछ स्कूल ज़िलों के लिए, प्रस्ताव 2 नई निर्माण परियोजना लागत में राज्य की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से लेकर 55 प्रतिशत तक कर देता है। प्रस्ताव 2 इन स्कूल ज़िलों के लिए नवीनीकरण परियोजना लागतों में राज्य की हिस्सेदारी को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत तक कर देता है। सामान्य तौर पर, राज्य उन स्कूल ज़िलों के लिए परियोजना लागतों का अधिक हिस्सा चुकाएगा, जिनकी संपत्ति का मूल्य कम आंका गया है और उनके स्कूलों में ऐसे विद्यार्थियों की अधिक संख्या है, जो कम आमदनी वाले, अंग्रेजी सीखने वाले, या पालक देखभाल वाले युवा हैं।

***यह अधिक स्कूल ज़िलों को अतिरिक्त राज्य निधिकरण के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है।*** प्रस्ताव 2 उन स्कूल ज़िलों को अतिरिक्त राज्य निधिकरण के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है जो स्थानीय बॉन्ड्स से कम से कम $15 मिलियन ($5 मिलियन से अधिक) जुटाने में असमर्थ हैं। आने वाले वर्षों में मुद्रास्फीति के कारण यह राशि बढ़ जाएगी।

## राजकोषीय प्रभाव

***बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 35 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष में लगभग $500 मिलियन की वृद्धि।*** बॉन्ड को चुकाने की अनुमानित लागत **35-वर्ष की** अवधि में प्रत्येक वर्ष (वार्षिक) लगभग **$500 मिलियन होगी।** भुगतान राज्य सामान्य कोष से किया जाएगा। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।) यह राज्य के कुल सामान्य कोष

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

जारी है

बजट के 1 प्रतिशत के आधे से भी कम होगा। क्योंकि राज्य को उधार ली गई धनराशि पर ब्याज देना पड़ता है, इसलिए बॉन्ड की कुल लागत राज्य द्वारा इसके पास पहले से ही मौजूद धनराशि के साथ भुगतान करने की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक (मुद्रास्फीति समायोजन के बाद) होगी।

***राज्यव्यापी स्थानीय लागतों पर अस्पष्ट प्रभाव।*** राज्य बॉन्ड निधि की उपलब्धता कुछ ज़िलों की स्थानीय लागतों को प्रभावित कर सकती है। उदाहरण के लिए, कुछ ज़िले परियोजना मिलान आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता के लिए नए स्थानीय बॉन्ड की मांग करके प्रतिक्रिया दे सकते हैं। इन ज़िलों की स्थानीय लागतों में वृद्धि देखी जाएगी। इसके विपरीत, अन्य ज़िले कम उधार लेकर प्रतिक्रिया दे सकते हैं क्योंकि राज्य निधियाँ उन लागतों का भुगतान कर सकती है जो ज़िले अन्यथा कवर करते। इन ज़िलों की स्थानीय लागतों में कमी देखी जाएगी। कुल मिलाकर, राज्य भर में स्थानीय लागतों पर प्रभाव स्पष्ट नहीं है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**